## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# विकट समस्या से जूझ रहे हैं गांवों के ग्रामीण

**जिम्मेदार कौन ?**

### पांच हजार आबादी को जोड़ने वाली हुपुली सुंधरीनांग दस किमी सड़क जुलाई से पडी है बंद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी के नाचनी की तीन ग्रम सभाओं की पांच हजार आबादी को जोड़ने वाली हुपुली सुंधरीनांग सड़क जुलाई से बंद पड़ी हुई है। तीन माह से सड़क के दस किमी बंद होने की वजह से अब सीमांत के आपदा प्रभावित सब्जी के संकट से जूझने लगे है।

बता दें हुपुली क्षेत्र में वर्तमान में पांच हजार आबादी की तादात है। वही ऐसे में सीमांत के क्षेत्रवासी केवल हरी सब्जी से काम चला रहे है। जानकारी के मुताबिक सीमांत के बाथीगूंट ,हुपुली और कोटयूड़ा गांव की पांच हजार आबादी की मुश्किलें अब बढ़ने लगी है। सब्जी संकट राशन संकट की मार पढ़नी शुरू हो गई है। सीमांत के इन क्षेत्रों में सड़क संकट की मार झेल रहे ग्रमीण खासतौर पर अपने को उपेक्षित मान रहे है। ऐसे में दस किमी दायरे में बंद पड़ी सड़क के अब तक न खुल पाने के कारण यहां के ग्रमीणों की मुश्किलें थमनें का नाम नही ले रही है। दूसरी ओर आठ किमी पैदल यात्रा करने को ग्रमीण मजबूर हो रहे है।

हालात इतने खराब है कि बीमार मरीजों को डोली में अस्पताल ले जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। दस किमी सड़क को खोले जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रमीण मांग भी कर चुके है ऐसे में उनकी अनदेखी किये जाने से वे खासे नाराज है। यह सड़क पीएमजीएसवाई के तहत आती है। अब तक संबधित महकमें की ओर से इस मामले पर कोई खास पहल नही हो पाई है। ऐसे में गांव के ग्रमीणों को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। बीमार मरीजों की सुध लेने वाला भी कोई नही है। बीआरओ के अनुसार तवाघाट से कंच्योती तक मार्ग खोलने का प्रयास जारी है। कंच्योती में बहे पुल के स्थान पर बेली ब्रिज का निर्माण होना है। यहां पर सौ फीट स्पान का वैली ब्रिज बनना है। सोबला से बुर्थिंग के बीच केंद्रीय लोनिवि मार्ग खोलने में जुटी है। कंच्योती में बेली ब्रिज निर्माण और बुर्थिंग से सोबला के बीच ही मार्ग खुलने पर दारमा का संपर्क बहाल हो सकेगा। जिले में अभी भी सात ग्रामीण मार्ग और तीन सीमा मार्ग बंद हैं।

## न्यूज डायरी

### छात्रवृत्ति बढ़ाने की सीएम की घोषणा को लागू करने की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद शासनादेश जारी होते ही शिक्षा विभाग तुरंत हरकत में आया है। दरअसल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी कि डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति और श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में बढोतरी की जाए। सोमवार को इस सम्बन्ध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया। इसके बाद अब डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति रूपए 250 प्रतिमाह से बढ़ाकर रूपए 1500 प्रति माह कर दी गयी है। साथ ही यह छात्रवृत्ति 11 बच्चों की बजाय 100 बच्चों को प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में भी वृद्धि करते हुए इसे रूपए 150 प्रति माह से बढ़ाकर रूपए 1000 प्रतिमाह कर दिया गया है। श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति योजना में प्रत्येक विकास खंड से 5 छात्र–छात्राओं का चयन कर राज्य भर से प्रतिवर्ष 475 छात्र–छात्राओं को इस छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा।

### आंतरिक मोटर मार्गो के निर्माण के लिए विधायक निधि से छह लाख देने की घोषणा

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनखंडी में जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षेत्र में आंतरिक मोटर मार्ग के निर्माण के लिए विधायक निधि से 6 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा है कि ऋषिकेश विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 50 करोड से अधिक लागत से सड़क मार्गो का निर्माण हो चुका है स उन्होंने कहा है कि विगत साढ़े 4 वर्षों में विकास प्राधिकरण के माध्यम से त्रिवेणी घाट का सौंदर्यीकरण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पथ प्रकाश व्यवस्था एवं अनेक आंतरिक मोटर मार्गो का निर्माण किया गया है।

### द बॉडी शॉप इंडिया ने सान्या मल्होत्रा और मिरेकल फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप की

**संवाददाता** हल्द्वानी। एक्टिविस्ट ब्यूटी ब्रांड द बॉडी शॉप इंडिया इस साल त्योहारों के सीजन को अलग तरह से मना रहा है और कोविड–19 महामारी के कारण अपने परिवार, देखभाल करने वालों और आजीविका खो चुके बच्चों की मदद के लिए हैशटैग लाइट अ लिटिल लाइफ प्रोग्राम लॉन्च कर रहा है। इस प्रोग्राम के लांच के साथ, द बॉडी शॉप 1976 से वैश्विक परिवर्तन लाने वाले ब्रांड के रूप में अपने उद्देश्य को पूरा करते हुए स्थानीय समुदायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। मिरेकल फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप करते हुए, इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों को जमीनी स्तर पर सस्टेनेबल सहायता प्रदान करना है, जिनका जीवन भारत में महामारी की दूसरी लहर से तबाह हो गया है।

## हाइकोर्ट ने चारधाम यात्रा से सीमित संख्या की पाबंदी हटाई

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल हाइकोर्ट ने बदरीनाथ–केदारनाथ सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाए जाने के मामले को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने चारों धाम में श्रद्धालुओं की निर्धारित संख्या से रोक हटा दी है। अब तीर्थ यात्री बेरोकटोक चारधाम यात्रा के लिए जा सकेंगे। साथ ही हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि शासन को कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करवाना होगा। कोर्ट के इस आदेश से सरकार सहित दूसरे प्रदेशों से आने वाले तीर्थ यात्रियों, चारधाम यात्रा रूट पर होटलों, दुकानदारों आदि स्थानीय लोगों को भी बड़ी राहत मिली है।

मुख्य न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि चारधाम यात्रा शुरू करने के लिए तीर्थ यात्रियों की सख्या को निर्धारित किया गया था। साथ ही, तीर्थ यात्रियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की भी सख्त हिदायत दी गई थी।

माधिवक्ता द्वारा कहा गया कि चारधाम यात्रा करने के लिए कोविड को देखते हुए कोर्ट ने पूर्व में श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित कर दी थी। लेकिन वर्तमान समय मे प्रदेश में कोविड के केस ना के बराबर आ रहे है। इसलिए चारधाम यात्रा करने के लिए श्रद्धालुओं की निर्धारित संख्या के आदेश में संशोधन किया जाए।




### सफाई कर्मचारियों ने तीन दिवसीय सांकेतिक धरना शुरू किया

**संवाददाता** पुरोला। सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर यहां नगर पंचायत कार्यालय में तीन दिवसीय सांकेतिक धरना शुरू कर दिया है। उन्होने शीघ्र मांगे पूरी न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मियो ने राज्यकर्मचारियों की भांति भत्ते देने,धुलाई एवं टूल भत्तो में वृद्धि करने,भूमिहीन बाल्मीकि समाज के लोंगो के स्थाई व जाति प्रमाण पत्र जारी करने में प्राथमिकता देने, पर्यावरण मित्र पदनाम को संशोधित कर सफाई सैनिक नाम दिए जाने सहित 11सूत्रीय मांग को मंगलवार को यहां नगर पंचायत कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने शीघ्र मांग पूरी न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर निकेंद्र कुमार,अरूण कुमार, बलजीत सिंह, सुनील,रनजीत,प्रसन्न कुमार आदि मौजूद थे।

## दून में 33/11 केवी जीआईएस सबस्टेशन और आरटी–डीएएस कंट्रोल सिस्टम का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड के देहरादून में भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के तहत 33/11 केवी जीआईएस (गैस इन्सुलेटेड स्विचगियर) सब–स्टेशन और आरटी–डीएएस (रियल टाईम डेटा एक्विज़िशन सिस्टम) कंट्रोल सिस्टम का उद्घाटन किया गया। पावर फाइनैंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) आईपीडीएस योजना के लिए नोडल एजेन्सी है। भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के यह उद्घाटन समारोह मनाया गया। परियोजना का उद्घाटन डॉ हरक सिंह रावत, उर्जा एवं वैकल्पिक उर्जा मंत्री,



उत्तराखण्ड द्वारा किया गया। इस अवसर पर सौजन्य, सचिव (उर्जा एवं वैकल्पिक उर्जा), दीपक रावत, एमडी, यूपीसीएल और सौरभ कुमार शाह, ईडी (आईपीडीएस), पीएफसी भी मौजूद थे।

जीआईएस सबस्टेशन को रु 85.99 करोड़ की लागत के साथ मंजूरी दी गई थी, इससे देहरादून एवं आस–पास के क्षेत्रों में 5000 से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। वही विद्युत आपूर्ति की स्वचालित निगरानी के लिए आरटी–डीएएस को भी रु 4.28 करोड़ की लागत पर मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति की कटौती कम होगी, ज़मीन की ज़रूरत कम होगी, संचालन एवं रखरखाव की लागत में कमी आएगी और साथ ही कर्मचारियों को काम के लिए सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

### बीपीएड, एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने स्पीकर अग्रवाल से की भेंट, मांगपत्र सौंपा

**संवाददाता** ऋषिकेश। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर मंगलवार को बीपीएड, एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन का प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल से मिला स प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अपने 4 सूत्रीय मांग पत्र में अवगत कराया है कि प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षको की नियुक्तियां की जाएं। प्रतिनिधि मंडल मे संगठन की अध्यक्ष उषा चौहान ने कहा है कि बीपीएड, एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगार 2008 से नियुक्ति की मांग कर रहा है परंतु अभी तक उन्हें किसी भी विद्यालय में नियुक्ति नहीं मिली । उन्होंने अपने मॉंग पत्र में उल्लेख किया है कि प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति की जाए ताकि छात्रों को बाल्यकाल से ही शारीरिक शिक्षा मिल सके। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय मे कक्षा 6 से 8 तक शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाए।